

## बॉबी देओल ने बताया कब रिलीज होगी आश्रम 3

बॉलिवुड एक्टर बॉबी देओल ने तब चर्चा में आ गए जब उन्होंने सुपरहिट वेब सीरीज आश्रम से धमाकेदार वापसी की। इस सीरीज में बॉबी ने बाबा निराला का निगेटिव रोल निभाया है। प्रकाश झा प्रॉडक्शंस के तले बनी इस पॉप्युलर वेब सीरीज के 2 सीजन आ चुके हैं जिन्हें खूब पसंद किया गया। अब फैन्स इस सीरीज के तीसरे सीजन आश्रम 3 का इंतजार कर रहे हैं और बॉबी देओल ने इसके बारे में बात की है।

आश्रम वेब सीरीज के लिए बॉबी देओल की काफी आलोचना भी हुई थी ऐसे में नए सीजन को लेकर उनका क्या सोचना है।। न्यूज पोर्टल इंडिया डॉट कॉम से बात करते हुए बॉबी ने कहा कि यह सब हमेशा चलता रहता है। उन्होंने कहा, अगर आश्रम इतनी बुरी और गलत वेब सीरीज होती तो इतनी बड़ी हिट नहीं होती। लोगों ने इसे काफी पसंद किया और उन्हें पता था कि उसमें क्या दिखाया जा रहा है। इसीलिए यह इतनी सफल हुई क्योंकि जो लोग इसकी बुराई कर रहे थे उनके सामने शो के जरिए सच्चाई सामने आई। बॉबी ने आगे कहा, प्रकाश झा बेहद जिम्मेदार फिल्ममेकर हैं।

## आलिया भट्ट को सीआईएसएफ अफसर ने एयरपोर्ट पर रोका

आलिया भट्ट हाल ही बहन शाहीन भट्ट के साथ 72वें बर्लिन इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने के लिए रवाना हो रही थीं। वह जब मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं तो डॉक्युमेंट वैरिफिकेशन के लिए सीआईएसएफ अफसर ने उन्हें रोक लिया और मास्क हटाने के लिए कहा। इस वक्त फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर चर्चा बटोर रहीं आलिया भट्ट को हाल ही मुंबई एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। दरअसल आलिया बहन शाहीन भट्ट के साथ 72वें बर्लिन इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने बर्लिन जा रही थीं। इस दौरान आलिया ऑल-वाइट एयरपोर्ट लुक अपनाया था और वाइट मास्क लगाया हुआ था। लेकिन जब आलिया डिपार्चर एंट्रेस पर पहुंचीं तो एक सीआईएसएफ अफसर ने उन्हें रोक लिया। अशफर ने आलिया से मास्क उतारने के लिए कहा ताकि उनके डॉक्युमेंट्स वैरिफाई किए जा सकें। इसके कुछ देर बाद आलिया और शाहीन को रवाना कर दिया गया। पहले भी कई सिलेब्रिटीज को मुंबई एयरपोर्ट पर डॉक्युमेंट वैरिफिकेशन के लिए रोका जा चुका है। हालांकि सलमान को एयरपोर्ट रोकने को लेकर काफी हल्ला भी मचा था। दरअसल उस दौरान सलमान को रोकने वाले सीआईएसएफ अधिकारी सोमनाथ मोहंती ने मीडिया से बातचीत की थी।

## अर्जुन रामपाल का खुलासा, गर्लफ्रेंड गैब्रिएला से नहीं करेंगे शादी




बॉलिवुड एक्टर अर्जुन रामपाल अपनी फिल्मों के साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। उनकी पहली शादी मेहर जेसिया से हुई थी। इस शादी के टूटने से लेकर गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स संग लिव-इन में रहने तक, सब कुछ जगजाहिर है। ऐक्टर उस समय भी सुर्खियों में आए, जब गैब्रिएला से बिना शादी के उनका पहला बच्चा हुआ। ये बात खुद उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थी और इस बात को पूरी दुनिया को बताने का फैसला लेना दोनों के लिए ही बहुत बड़ी बात थी। अर्जुन ने एक बार फिर उन दिनों पर बात की है, जब उनकी लाइफ में ये सब हो रहा था। उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि वो और गैब्रिएला शादी नहीं करेंगे। अर्जुन और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला बहुत ही प्राइवेट पर्सन हैं। तीन साल पहले उन्होंने प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट का फैसला किया था, जो उनके लिए बहुत बड़ा स्टेप था। साल 2019 में अर्जुन ने गैब्रिएला के साथ फोटो शेयर की थी और कैप्शन में लिखा था, तुम्हें पाकर बहुत आभारी हूं। इस बेबी के लिए थैंक्यू बेबी। गैब्रिएला के साथ अपने रिश्ते और लाइफ के बारे में पब्लिक होने के अपने फैसले के बारे में अर्जुन कपूर ने पिंकविला से बात की। उन्होंने कहा, ये वो समय था, जब हम दोनों ने एक बड़ा कदम उठाया था।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी की वापसी

*क्योंकि सास भी कभी बहू थी एक ऐसा टीवी सीरियल रहा, जिसने न सिर्फ सफलता के झंडे गाड़े बल्कि इस शो की कहानी को लोग अपने ही घर की कहानी समझने लगे। तुलसी (स्मृति ईरानी) जब स्क्रीन पर दुखी होतीं तो वे भी परेशान हो जाते। मिहिर की फैमिली पर कोई संकट आता था तो फैंस उसे अपनी ही समस्या समझने लगते। इस शो को दर्शकों का इतना प्यार मिला, जिसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन ये सीरियल ऐसे ही लोगों का पसंदीदा नहीं बना, इसके पीछे कुछ वजहें रहीं। अच्छी वजहें। इस शो ने बहुत कुछ ऐसा किया, जिसने भारतीय टीवी का चेहरा बदल दिया। अगर आप भी इस शो के फैन रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। ये शो 22 साल बाद एक बार फिर आपके घर में दस्तक देने आ रहा है। जी हां, ऐकता कपूर ने इसकी अनाउंसमेंट की है। 1800 ऐपिसोड वाले सीरियल 16 फरवरी से फिर से टीवी पर वापसी कर रहा है।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**कई लैंग्वेज में शो हुआ डब**

ये भारतीय टेलीविजन के इतिहास में 1000 एपिसोड पूरे करने वाला पहला डेली सोप था। पहली बार था, जब भारतीय टेलीविजन ने कई तरह की रिएलिटी और इमोशंस को कवर करते हुए एक टिपिकल फैमिली ड्रामा देखा। इस शो ने श्सास-बहूश शब्द को भी पॉप्युलर कर दिया था और लंबे समय तक टीवी से जोड़कर रखा। ये शो कई भाषाओं में डब किए जाने वाला पहला शो था। यहां तक की इंटरनेशनल लैंग्वेज में भी इसकी डबिंग हुई।

**मिहिर को लाना पड़ा वापस**

ये पहली बार था, जब किसी टीवी सीरियल की ताकत को मेकर्स और चौनल ने महसूस किया। जब मिहिर वीरानी का रोल प्ले करने वाले लीड ऐक्टर अमर उपाध्याय को मेकर्स ने मार दिया, तो ये फिक्शनल ट्रैजेडी नेशनल ट्रैजेडी बन गई थी। घर से लेकर ऑफिस तक में इसकी चर्चा हुई। मिहिर की डेथ के बाद इस किरदार को वापस लाने के लिए प्रोटेस्ट तक हुए थे। जिसके बाद आखिरकार मेकर्स को मरे हुए किरदार को फिर से जिंदा करना पड़ा था। शो की कहानी का एक और दिलचस्प फैक्ट ये था कि इसने कई बार लीप लिया। कहानी सालों आगे तक बढ़ा दी गई।



कई नए कलाकारों ने शो को ज्वॉइन किया और कईयों ने छोड़ भी दिया, लेकिन ड्रामा जारी रहा। बा का किरदार निभा रहीं सुधा शिवपुरी शो में हमेशा बनी रहीं। ये अनुमान लगाया जा सकता है कि शो में बा को 100 साल से ज्यादा का दिखाया गया था।

**प्लास्टिक सर्जरी:** कई दिलचस्प ट्विस्ट के अलावा सबसे लंबे समय तक चलने वाले शो में से एक इस टीवी सीरियल ने प्लास्टिक सर्जरी के कॉन्सेप्ट को भी पेश किया। जब भी कोई ऐक्टर शो छोड़ता था, इस कॉन्सेप्ट को यूज किया जाता था।

**फेवरेट बहू:** इस शो ने बहू को भी खूब पॉप्युलर किया। तुलसी वीरानी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया था, जो ऑडियंस की ऑल टाइम फेवरेट बहू रहीं। जब स्मृति ने ये शो छोड़ दिया तो गौतमी कपूर ने इस किरदार को निभाया, लेकिन दर्शकों को तुलसी के रूप में सिर्फ स्मृति ही पसंद आईं, इसलिए उन्हें शो में वापस लाया गया।


**एकता कपूर ने शेयर किया प्रोमो**

एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर शो का वही पुराना प्रोमो शेयर किया है, जिसमें तुलसी एक-एक कर अपने घरवालों से दर्शकों को मिलवाती हैं और बैकग्राउंड में इसका आइकॉनिक टाइटल सॉन्ग बज रहा होता है। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, श्इस प्रोमो की एक झलक देख कर ही सारी पुरानी यादें ताजा हो गईं। आज, जब मैं पीछे देखती हूं तो हर मेमोरी ताजा हो जाती है। आज, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे हर मेमोरी, हर पल याद आता है, जिसने इस शो को सबसे प्रिय बना दिया! उसी प्यार के साथ जुड़िए इस सफर से दोबारा। बुधवार से, हर रोज, शाम 5 बजे, सिर्फ स्टारप्लस पर।

**8 साल चला शो:** क्योंकि सास भी कभी बहू थीश 3 जुलाई 2000 को स्टार प्लस पर ऑनएयर हुआ था और 6 नवंबर 2008 को इसका आखिरी एपिसोड दिखाया गया था। इसे बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले शोभा कपूर और एकता कपूर ने को-प्रोड्यूस किया था।

# 3 साल में वॉट्सऐप पर शुरू फोन कॉल के बाद खत्म

*राखी सावंत को अक्सर ये कहते सुना गया था कि उन्होंने किसी रितेश नाम के एनआरआई से शादी की है, जो उन्हें मंडप में छोड़कर भाग गया था। दावा किया था कि 2020 में उन्होंने होटल के एक रूम में रितेश के साथ सात फेरे लिए थे। हालांकि कभी उसका चेहरा फैन्स को नहीं दिखाया। राखी के मुताबिक, उनकी शादी से पहले डेढ़ साल तक फोन पर बात होती रही थी।*





बॉलिवुड ऐक्ट्रेस राखी सावंत और रितेश ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। वैलेंटाइन्स डे के एक दिन पहले दोनों के बीच अचानक पता नहीं क्या हुआ कि ऐक्ट्रेस ने पोस्ट करके इस बात की जानकारी फैन्स के साथ साझा की। उन्होंने बताया मेरे प्यार फैंस और शुभचिंतकों, मैं बताना चाहती हूं कि मैंने रितेश से अलग होने का फैसला ले लिया है। बिग बॉस शो के बाद काफी चीजें हैं जो बिल्कुल अलग थीं। कुछ चीजें ऐसी थीं जो बिल्कुल कंट्रोल के बाहर रहीं। हमने अपनी अलग-अलग चीजों पर काफी काम किया लेकिन मुझे लगता है कि हमारे रास्ते अलग हैं और हम अलग रहकर ज्यादा लाइफ को एन्जॉय कर सकते हैं। मैं बहुत निराश हूं और मेरा दिल टूट गया है कि वेलेंटाइन डे से जस्ट पहले हमने ये फैसला लिया है। मैं आशा करती हूं कि रितेश अपनी लाइफ में अच्छा काम करें और मैं भी अपने काम पर फोकस कर सकूं। प्रार्थना करती हूं कि मैं खुश और हेल्दी रहूं। सभी का शुक्रिया जिन्होंने मुझे सपोर्ट किया और हमेशा साथ दिया। शुक्रिया राखी सावंत। बिग बॉस में भी उन्होंने रितेश का जिक्र किया था। 14वें सीजन में उन्होंने रुबीना दिलैक, अभिनव शुक्ला और राहुल वैद्य के सामने अपना हाल-ए-दर्द बयां किया था। और 15वें में खुद बिग बॉस ने उनको बतौर वाइल्डकार्ड घर में एंटर करवा दिया। राखी ने अलग होने का जिम्मेदार रितेश को बताया था। उन्होंने बताया था कि 13 फरवरी की दोपहर 3 बजे रितेश ने किसी से घंटों फोन पर बात की और फिर बैग पैक कर जाने का फैसला कर लिया था। उसने कहा था कि उसकी लाइफ में पहले से ही काफी लीगल इशूज हैं। क्योंकि उसने अपनी पहली पत्नी को तलाक नहीं दिया था। इसलिए अब वह साथ में नहीं रह सकता।